हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

11 शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा



12 ज्वेलरी रिपेयरिंग दुकान में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
27 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
9

## खबर संक्षेप

### गोवर्धन पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर सार्वजनिक, सामान्य अवकाश की घोषणा की है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष यह अवकाश 9 नवंबर को रहेगा। इस आधिकारिक घोषणा के बाद अब 9 नवंबर को राज्य में सभी संबंधित शासकीय कार्यालयों और संस्थानों में गोवर्धन पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### सेमरा (सिलौटी) में दीपावली 3 को

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सेमरा (सिलौटी) में इस वर्ष भी दीपावली त्योहार एक सप्ताह पहले मनाया जायेगा। लक्ष्मी पूजा 3 नवंबर को एवं गोवर्धन पूजा 4 नवंबर को होगी। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए 3 नवंबर को चम्पा बसंत नाचा पार्टी भकुर्रा राजनांदगांव एवं 4 नवंबर को मया के अचरा नाचा पार्टी लखनपुर कबीरधाम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने दी।

### तरसींवां के किसान महेंद्र धीवर अपने फार्म में वैज्ञानिक तकनीक से कर रहे पालन-संरक्षण एवं विस्तार

# देशी मांगुर का संरक्षण, किसान के फार्म में पनप रहीं 2 हजार से अधिक मछलियां

दिलीप देवांगन ▶▶ धमतरी





विलुप्त की कगार पर आ चुकी देशी मछली मोंगरी (मांगुर) को लेकर अच्छी खबर है। मत्स्य पालन में जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त कर चुके ग्राम तरसींवा का एक किसान देशी मोंगरी के पालन, संरक्षण एवं विस्तार के दिशा में ढाई साल से काम कर रहा है। किसान महेंद्र धीवर के फार्म में दो हजार नग से अधिक मछलियां हैं। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी से किसान को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

प्रदेश में देशी मछलियों की 90 से अधिक प्रजाति है जिसमें अनेक प्रजाति विलुप्त की कगार पर है। सबसे ज्यादा प्रभावित प्रजाति में देशी मांगुर है जो अपने प्राकृतिक आवासों से पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है। इसकी आबादी बढ़ाने में कृषि विज्ञान केंद्र जुटा है और किसानों को मोंगरी मछली पालन के लिए बीज तथा तकनीकी जानकारी प्रदान कर रहा है।

ग्राम तरसींवा के किसान महेंद्र पिता बिरझूराम धीवर बताते हैं कि सन 2015 में शासन की योजना के तहत पौने दो एकड़ खेत में मछली पालन करने का फैसला लिया। आधा- आधा एकड़ में दो तथा पौन एकड़ में डबरी का निर्माण किया। मछली पालन में उसे ब्लॉक तथा जिला स्तरीय सम्मान मिला है।

ढाई साल पहले मत्स्य वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने देशी मोंगरी के पालन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कोण्डागांव ▶▶ शेष पेज 10 पर

#### बायोफ्लॉक तकनीक से पालन कारगर

किसान महेंद्र ने बताया कि देशी मांगुर का पालन कीचड़ वाली डबरी में कारगर नहीं है। जब डबरी का पानी सुखाकर उसे पकड़ा जाता है तो वह कीचड़ के अंदर छिप जाती है। इसके लिए बायोफ्लॉक तकनीक काम करती है। इसमें पारम्परिक बड़े तालाबों की जगह जमीन के ऊपर तिरपाल या सीमेंट के गोल टैंक बनाए जाते है। इसका व्यास 4 मीटर और ऊंचाई 1.2 मीटर किया जाता है। टैंक के पानी में प्रो बायोटिक्स कार्बन स्त्रोत गुड़, शीरा, गोबर और हवा की मदद से एक विशेष बैक्टीरिया का जाल तैयार किया जाता है जिसे फ्लॉक कहते हैं। मछली के मल से जहरीली अमोनिया गैस बनती है। बायो फ्लॉक के बैक्टीरिया इस अमोनिया को सोख लेते हैं और इसे प्रोटीनेशियल सेल में बदल देते हैं। मछलियां इस तैरते हुए फ्लॉक को चाव से खाती है। यानी मछली का मल उनके लिए दोबारा भोजन बन जाता है। महेंद्र ने बताया कि वह फार्म में बायोफ्लॉक तकनीक बनाने की तैयारी कर रहे है।

#### एक हजार रुपए किलो में हाथोंहाथ बिकती है

महेंद्र बताते हैं कि देशी मांगुर का अधिकतम वजन 500 ग्राम तक होता है। अब तक वे 50 किलो देशी मांगुर बेच चुके हैं। वर्तमान में उसकी डबरी में 2000 नग से ज्यादा मछलियां हैं। उन्होंने बताया कि इसमें विशेष श्वसन तंत्र होता है जिससे वह कीचड़, उथले पानी या कम आक्सीजन वाले वातावरण में लंबे समय तक जीवित रह सकती है। पानी से बाहर थोड़ी दूर चल सकती है। फिंगर साइज की मांगुर एक साल में 500 ग्राम की हो जाती है। यह 1000 रुपए किलो में हाथोंहाथ बिक जाती है।

#### कृषि विज्ञान केंद्र से तकनीकी मार्गदर्शन

धमतरी कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डा.मनीषा खापर्डे ने बताया कि तरसींवा के किसान महेंद्र धीवर अपने फार्म में देशी मांगुर मछली का पालन कर रहे हैं। इसके लिए उसे मछली बीज उपलब्ध कराने के साथ- साथ वैज्ञानिक मत्स्य पालन की तकनीक के संबंध में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देशी मांगुर भारतीय मीठे पानी की महत्वपूर्ण मछलियों में एक है। यह अपने विशेष जैविक गुणों के कारण मत्स्य पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसके पालन में बीज की गुणवत्ता, तालाब की तैयारी, उचित आहार प्रबंधन, जल गुणवत्ता तथा मछली के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ता है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



- हंचलपुर की घटना

हाईस्पीड बाइक की ठोकर से दूसरी बाइक में पीछे बैठे नाबालिग की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम हंचलपुर निवासी द्वारिका यादव पिता रामचंद उम्र 17 वर्ष मजदूरी का काम करता था। सोमवार की सुबह द्वारिका गांव के गौरव साहू के साथ बाइक में पीछे सवार था। बाइक गौरव चला रहा था। इसी दौरान गांव में स्थित शत्रुघन किराना दुकान के पास तेज रफ्तार दूसरी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 9213 के चालक ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही रामचंद्र मौके पर पहुंचा जहां उसका बेटा द्वारिका बेहोश पड़ा था। निजी वाहन की मदद से द्वारिका को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# टिकरापारा में दहशत फैलाने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

- घर घुसकर महिला पर हथियार से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हथियार से लैस होकर टिकरापारा में आतंक मचाते हुए घर घुसकर लाठी-डंडा व तलवार से हमला करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों एवं हिंसक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ एसपी भावना पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने टिकरापारा में आतंक मचाने व हमला करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। बीते बुधवार 21 अक्टूबर की रात्रि पीड़िता अपने घर के आंगन में बच्चे को खिला रही थी। इसी दौरान टिकरापारा के लगभग 10 से 12 युवक तलवार, बेसबाल स्टिक एवं लाठी-डंडों से लैस होकर कथित रूप से उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने पीड़िता से झूमाझटकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जान बचाने पीड़िता अपनी मां तारा निर्मलकर के घर पहुंची। आरोपी भी उसके पीछे-पीछे वहां पहुंच गए और घर के अंदर घुसकर गाली-गलौज तथा तलवार व लाठी-डंडा लहराकर भय का माहौल उत्पन्न किया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में धारा 296, 351(2), 189(4), 190, 191(3) एवं 331(6) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान व वारदात में संलिप्तता सुनिश्चित की गई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी देवेन्द्र नेताम उर्फ पप्पू पिता देवलाल उम्र 30 वर्ष, आदित्य मसीह पिता अनिल उम्र 19 वर्ष, हर्ष अंगारे उर्फ छोटू पिता चंद्रहास उम्र 20 वर्ष तीनों आरोपी टिकरापारा धमतरी निवासी एवं रूद्रेश प्रताप साहू पिता राजेश उम्र 29 वर्ष व हिमांशु राकुंडला पिता धीरेन्द्र उम्र 20 वर्ष दोनों आरोपी रिसाईपारा पश्चिम धमतरी निवासी को गिरफ्तर कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा जब्त किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



## खबर संक्षेप

### फसल की कटाई 2-4 दिन तक टालें

**मगरलोड।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के कारण 29 अक्टूबर तक प्रदेश में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह है कि पकी हुई फसल की कटाई 2-4 दिन तक स्थगित रखें। कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर ढंक कर रखें। खेतों से जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखे। पशुओं को सुरक्षित एवं सूखे स्थान पर रखें।

### बोराई और सिहावा थाना में हुई शस्त्र की पूजा

**नगरी।** दशहरा पर्व पर नगरी विकासखंड के ग्राम बोराई एवं सिहावा थाना परिसर में परंपरानुसार शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने शस्त्रों एवं उपकरणों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उनका सम्मान किया। बोराई थाना परिसर में थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में शस्त्र पूजा हुई।

## निधन

### केशवराम देवांगन

**धमतरी।** कोष्टापारा निवासी केशव राम देवांगन (68) का 25 अक्टूबर को निधन हो गया। वे शेषबाई देवांगन के पति तथा प्रवीण देवांगन के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व नगरवासी शामिल हुए।



### विशालराम साहू

**धमतरी।** रुद्री निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक विशालराम साहू 83 वर्ष का निधन हो गया। वे कृष्ण कुमार, ऋषिराम, वेदराम के पिता तथा श्रीमती जामवंती, उर्मिला, डिलेश्वरी के ससुर, भोजराम, लीलाराम, गजेंद्र, योगमाया, रुपेश के दादा एवं मुकुंदराम के परदादा थे। अंतिम संस्कार रुद्रेश्वर घाट में हुआ।



### मोंगरा बाई ठाकुर

**कुरूद।** ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी स्व. लोचनसिंह ठाकुर राजपूत की पत्नी श्रीमती मोंगरा बाई ठाकुर 87 साल का लंबी अस्वस्थता के चलते सोमवार को निधन हो गया। वे शिक्षक भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं जितेंद्र सिंह ठाकुर की मां एवं मयंक , वैभव राजपूत की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### देशी मांगुर का संरक्षण किसान के फार्म में ...

की हेचरी से 2000 नग मोंगरी मछली का फिंगर साइज फ्री में उपलब्ध कराया। तब से वह देशी मोंगरी के पालन, संरक्षण एवं विस्तार के दिशा में काम कर रहे हैं। इसके अलावा वह तेलपिया, रोहा, कतला आदि मछली का पालन करते हैं।

# सेवा सेतु ने आसान की राह, घर बैठे मिला विवाह प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकारी दफ्तरों के चक्कर, लंबी कतारें और काम पूरा होने का इंतजार आम तौर पर किसी प्रमाण-पत्र को बनवाने की प्रक्रिया से जुड़ी ये परेशानियां अब डिजिटल सेवाओं के विस्तार से कम हो रही हैं।

धमतरी जिले के नगरी निवासी राज साहू की कहानी इसी बदलाव की एक तस्वीर पेश करती है। कभी विवाह प्रमाण- पत्र बनवाना उनके लिए चुनौती था, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन के सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से यह काम अब उनके लिए आसान हो गया है।

राज साहू को विवाह प्रमाण- पत्र की आवश्यकता सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए थी। प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को लेकर उनके मन में भी वही आशंकाएं थीं, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक लोग गुजरते हैं। उन्हें लगता था कि इसके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय जाना पड़ेगा, लंबी प्रक्रिया से गुजरना होगा और समय के साथ पैसे भी खर्च होंगे।

### नगरी के राज की कहानी बनी डिजिटल सुशासन की मिसाल, समय और धन की हुई बचत

#### आवेदन की जानकारी मोबाइल से मिली

इसी दौरान उन्हें नगरी पंचायत कार्यालय से उन्हें ऑनलाइन आवेदन की सुविधा की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विवाह प्रमाण- पत्र के लिए आवेदन किया। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत उन्होंने आवश्यक जानकारी भरी और दस्तावेज अपलोड किए। आवेदन की स्थिति की जानकारी भी उन्हें मोबाइल के माध्यम से मिलती रही। कुछ ही दिनों में उनका विवाह प्रमाण-पत्र तैयार हो गया, जिसे उन्होंने घर बैठे डाउनलोड कर लिया।



#### डिजिटल सेवा से बढ़ रहा भरोसा

राज साहू का अनुभव बताता है कि डिजिटल शासन की सार्थकता केवल ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने में नहीं, बल्कि उसकी सुविधा आम नागरिक तक पहुंचाने में है। जब ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को सही जानकारी और आवेदन में सहयोग मिलता है, तो तकनीक उन लोगों के लिए भी उपयोगी बन जाती है जो पहले सरकारी प्रक्रियाओं को जटिल मानते थे। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राज साहू को मिली यह सुविधा सुशासन के उस उद्देश्य को रेखांकित करती है।

ग्रेट एलुमनी मीट स्मृति परिसर का हुआ लोकार्पण, राष्ट्रीय एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का दिखा अद्भुत संगम

# मगरलोड स्कूल में भारतमाता की प्रतिमा का अनावरण





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड/धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण तथा ग्रेट एलुमनी मीट स्मृति परिसर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, मातृभूमि के प्रति सम्मान और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी को पारंपरिक पान रोटी का भोग अर्पित कर स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति आस्था व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी जुगलकिशोर अग्रवाल थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष मंशाराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू तथा नगर पंचायत मगरलोड की अध्यक्ष श्रीमती लीलेश साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी शांतनु पैकरा, राजेश अग्रवाल, श्रीमती वंदना साहू, प्रदीप कुमार साहू, राजेंद्र दीवान, तुमनचंद साहू, राजेश चक्रधारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश मार्कंडेय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवानंद गौतम, प्राचार्य हेमंत कुमार दृढ़ाकर, प्रधानपाठक वीरेंद्र कुमार साहू सहित पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

#### पूर्व विद्यार्थियों की एकजुटता ने बदली विद्यालय की तस्वीर

उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर 2025 को विद्यालय में साथी हाथ बढ़ाना थीम पर स्थापना वर्ष 1965 से 2025 तक के विद्यार्थियों का महासम्मेलन आयोजित किया गया था। यह पुराने शिक्षकों और विद्यार्थियों के ऐतिहासिक मिलन का यादगार अवसर बना। देश-विदेश में बसे पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय के विकास के लिए आवश्यक सामग्री तथा नगद राशि का सहयोग दिया। इसी सामूहिक सहयोग से विद्यालय परिसर में दो कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया, जिन्हें ग्रेट एलुमनी मीट स्मृति परिसर नाम दिया गया है। इसका लोकार्पण पिछले वर्ष आयोजित एलुमनी मीट की यादों को सहेजने और पूर्व विद्यार्थियों के योगदान को चिरस्थायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

#### तुमनचंद साहू की पहल बनी प्रेरणा

विद्यालय में एलुमनी मीट आयोजित करने का विचार पूर्व विद्यार्थी तुमनचंद साहू ने रखा था। उन्होंने लगातार नए प्रयोगों और बेहतर कार्यक्रम नियोजन के माध्यम से आयोजन को भव्य स्वरूप दिया। तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य आत्माराम साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू और कमलेश मार्कंडेय के सहयोग से हजारों पूर्व विद्यार्थी एक मंच पर जुटे। इस आयोजन ने विद्यालय की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और प्रदेश के साथ देश-विदेश में भी इसकी चर्चा हुई।

#### 50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रगतिशील

एलुमनी मीट के बाद विद्यालय में लगभग 50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रगतिशील हैं। इनमें ग्रेट एलुमनी मीट स्मृति परिसर, पुराने भवन का नवीनीकरण, भारत माता की प्रतिमा की स्थापना, रंगमंच निर्माण, उद्यान विकास, पौधरोपण, पेयजल व्यवस्था, प्रयोगशाला निर्माण तथा रोबोटिक्स लैब जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं।

# घायल वानर दल सदस्य की मदद को आगे आए शिक्षक-शिक्षिकाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम छिपली में विजयादशमी के दिन रावण वध कार्यक्रम के दौरान हुई अग्नि दुर्घटना में घायल वानर दल के सदस्य हेमंत ध्रुव के इलाज के लिए ग्राम छिपली के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। शिक्षकों ने हेमंत ध्रुव के उपचार के लिए 4700 रुपये की संवेदना राशि उनकी मां श्रीमती कांतिबाई ध्रुव को प्रदान की।

यह सहयोग माध्यमिक शाला छिपली में नवीन डिजिटल ब्लैकबोर्ड के शुभारंभ अवसर पर किया गया। सहयोग करने वालों में माध्यमिक शाला छिपली की प्रधानपाठिका मुक्तेश्वरी सोम, शिक्षक देवकांत गजपाल, पूनम गायकवाड़ एवं हरिशंकर कुर्रे, प्राथमिक शाला छिपली की प्रधानपाठक दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी, हेमपुष्पा साहू एवं साधना कश्यप तथा प्राथमिक शाला जंगलपारा छिपली की प्रधानपाठिका सोनिया साहू और जागेश्वरी नेताम शामिल हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू, उपसरपंच घेवरचंद साहू, पूर्व सरपंच शेषनारायण देव, अधिवक्ता तुलसीराम साहू सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर जोर

- भाजपा की बैठक में लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ विषय पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बेलरगांव स्थित राजमिस्त्री संघ भवन में भारतीय जनता पार्टी के बेलर मंडल द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय रहना चाहिए तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और जनसंपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा सह प्रभारी राकेश चौबे थे।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरसिंह पटेल, जिलपं सदस्य गरिमा नेताम, महामंत्री दीपक साहू एवं मोनू साहू, गोंडवाना समाज तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, जनपद सदस्य पन्ना मरकाम एवं मौसमी मंडावी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वेदकुमार गंजीर, चुम्मन साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# पेंशनर्स एसो. ने दस हजार की सहायता राशि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा कुरुद द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए अपने दिवंगत आजीवन सदस्य स्व. डेरहालाल चौधरी के परिवार को 10 हजार रुपये की संवेदना राशि प्रदान की गई। यह अनुग्रह राशि एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा दिवंगत सदस्य की पुत्रवधू माया देवी चौधरी को उनके निवास पर सौंपी गई। इस दौरान संगठन के विश्रामसिंह साहू, हीराराम यादव, अधीनराम साहू और जगजीवन मिश्रा मौजूद रहे।



एसो. के प्रवक्ता वेदनाथ चंद्राकर ने बताया कि स्व. चौधरी संस्था के निष्ठावान आजीवन सदस्य थे। उनके निधन पर संगठन की परंपरा अनुसार परिजनों को संबल प्रदान करने यह सहायता दी गई। तहसील शाखा कुरुद द्वारा अब तक 65 से अधिक दिवंगत सदस्यों के आश्रित परिवारों को ऐसी अनुग्रह राशि प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में कुरुद शाखा में 322 आजीवन सदस्य पंजीकृत हैं।

# अध्यक्ष निधि से भखारा में खुलेगा ओपन जिम

- मिलिट्री, पुलिस एवं अग्निवीर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा-भठेली में युवाओं को खेल एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन की अध्यक्ष निधि से अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम परिसर में ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

इस सुविधा के शुरू होने से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को शारीरिक व्यायाम एवं फिटनेस के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे मिलिट्री, पुलिस एवं अग्निवीर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को लाभ मिलेगा।



नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा देना आवश्यक है। नगर में मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ खेल, स्वास्थ्य एवं युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

ओपन जिम की स्थापना की पहल पर वरुण देव, प्रशिक्षक समीर गौर, राहुल साहू, लिलेश साहू, कुबेर मिश्रा, टावेन्द्र साहू, गुलशन साहू सहित अन्य खेल एवं शारीरिक प्रशिक्षण से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# माताओं को बच्चों की देखभाल और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

- कोसमर्रा में बाल मेला का आयोजन, बच्चों के पोषण व विकास पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोसमर्रा में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास, उचित पोषण तथा माताओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव मजबूत करना और माताओं को बच्चों की देखभाल एवं पोषण के प्रति जागरूक करना रहा।



बाल मेले में बच्चों के नियमित टीकाकरण, पंजीयन, संतुलित आहार, पोषण, उम्र के अनुसार शारीरिक एवं बौद्धिक विकास तथा बच्चों की बोलने और चीजों को पहचानने की क्षमता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। माताओं को बच्चों के शुरुआती तीन वर्षों में उचित देखभाल, स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व से अवगत कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।


सरपंच ने की पहल की सराहना

मुख्य अतिथि सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए उनके शुरुआती वर्षों में सही पोषण, नियमित टीकाकरण और उचित देखभाल बेहद जरूरी है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम गांव में नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। मौके पर कृष्णा निषाद, पंच चित्ररेखा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी साहू, सुनीता कश्यप, लता निषाद एवं सुरेखा निर्मलकर तथा मितानिन सावित्री साहू, फुलेश्वरी चौरे, सीमा साहू, चंपा ध्रुव, ललिता साहू, जैन निषाद, बिहान से जुड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## तुमड़ीबहार हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की उठी मांग

# तुमड़ीबहार हाईस्कूल का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माखनलाल के नाम पर रखने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम तुमड़ीबहार में पालक समिति, पंचायत प्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय हाईस्कूल तुमड़ीबहार का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. माखनलाल विश्वकर्मा के नाम पर रखा जाए। वहीं ग्राम अर्जुनी स्थित माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद स्व. तिरण सिंह मांझी के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस संबंध में ग्रामसभा तुमड़ीबहार एवं ग्रामसभा अर्जुनी में प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई के लिए सहमति जताई गई।



बैठक के दौरान शासकीय हाईस्कूल तुमड़ीबाहर को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की लंबे समय से लंबित मांग भी उठाई गई। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि शासन-प्रशासन इस दिशा में भी जल्द सकारात्मक पहल करेगा। इससे वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

बैठक में ठेनही सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रूपेश नाग, सभापति दिनेश यादव, पंचायत सचिव हुलेश प्रजापति, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष छत्तर सिंह यादव, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह नेताम सहित पंचायत प्रतिनिधि, समिति सदस्य, विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
ESTD. - 1910
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए
जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में
न्यूरो सर्जन
प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय सावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## खबर संक्षेप

### धान खरीदी से किसानों को वंचित करने का प्रयास कर रही साय सरकार : लेखराम

**धमतरी।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ किसान नेता लेखराम साहू ने



आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार किसानों को आपसी विवादों में उलझाकर धान बेचने से वंचित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नई व्यवस्था से हजारों किसानों को नुकसान हो सकता है।
उन्होंने बताया कि पटवारी आईडी से फसल प्रविष्टि हटाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) और पीवीएफ के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें कई खामियां हैं। निजी सर्वेयरों के मैप और मौके के बीच 9 से 10 मीटर तक का अंतर होने से गलत खेत में फसल दर्ज होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में केवल 50 से 60 प्रतिशत खसरे ही सर्वे के लिए उपलब्ध हैं। ऐसे में फसल प्रविष्टि नहीं होने पर किसान धान नहीं बेच पाएंगे। पीवीएफ में खेत के चारों कोनों की फोटो और जियो लोकेशन अनिवार्य करने से भी विवाद बढ़ सकते हैं। उन्होंने सरकार से जल्दबाजी छोड़कर जमीन का सही मिलान कराने की मांग की।

### नवकार महिला मंडल ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**धमतरी।** पंचवटी कॉलोनी, जोधापुर में नवकार महिला मंडल द्वारा जरूरतमंदों को अच्छी स्थिति के 500 कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़े पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर संतोष, मिनी, कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा, मदन मोहन दास सहित मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मंडल द्वारा हर वर्ष दो-तीन बार नए एवं पुराने कपड़े वितरित किए जाते हैं।

## नन्ही बालिकाओं ने दी नृत्य, संगीत और जसगीत की प्रस्तुति

# शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शरद पूर्णिमा पर नगर पंचायत भखारा-भठेली के वार्ड क्रमांक 01 में नवनिर्मित शेड में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए शेड में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर मोहल्लेवासियों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि तालाब के ठीक किनारे निर्मित यह शेड मोहल्लेवासियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। अब सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के साथ ही विभिन्न रस्मों-रिवाज तथा अन्य आवश्यक सामुदायिक कार्यों के कार्यक्रम मोहल्ले में ही सुविधापूर्वक संपन्न हो सकेंगे। वार्डवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शेड बनने से मोहल्ले की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता पूरी हुई है। कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं एवं बच्चों ने नृत्य, संगीत और जसगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर सभापति हितेंद्र साहू, पार्षद परदेसी कंवर, कुंदन साहू, हरि निषाद, गोविंद साहू, यशवंत साहू, ज्ञानेश्वर साहू, तीजू निषाद, लोकनाथ साहू, दिलीप साहू, मुकेश साहू, लता साहू, प्रमिला निषाद, रूपौतीन यादव, जानकी साहू, मधु साहू, उर्वशी साहू, लता साहू समेत अन्य उपस्थित थे।



### महिलाओं ने बनाया संगठन, रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा

मोहल्ले की महिलाओं ने मिलकर एक संगठन भी बनाया। अध्यक्ष ज्योति जैन की प्रेरणा से महिलाएं आपसी एकजुटता के साथ विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुई हैं।

### सामूहिक आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं: ज्योति

कार्यक्रम में शामिल ज्योति जैन ने कहा कि मोहल्लों में इस तरह के सामूहिक आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलना चाहिए। नगर के प्रत्येक वार्ड में आपसी सहयोग और सहभागिता से सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

- नगरी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही एंबुलेंस में महिला का प्रसव कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आपातकालीन परिस्थितियों में 102 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए मददगार साबित हुई। गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम गरीबा में गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर 102 एंबुलेंस को बुलाया गया। गांव में मितानिन की अनुपलब्धता के बीच एंबुलेंस चालक पुखराज देवांगन महिला को अस्पताल ले जाने के लिए पहुंचे। इसी दौरान रास्ते में महिला का प्रसव कराना पड़ा। एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव होने से नवजात की किलकारी गूंज उठी।

मिली जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला बजंतीन बाई को प्रसव पीड़ा होने पर 102 एंबुलेंस सेवा की मदद ली गई। एंबुलेंस चालक पुखराज देवांगन महिला को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए। रास्ते में



प्रसव की स्थिति बनने पर गांव की महिलाओं की मदद से एंबुलेंस में ही प्रसव कराया गया। इसके बाद जच्चा और नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी लाया गया, जहां उन्हें भर्ती कराया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में भर्ती महिला बजंतीन बाई और नवजात की स्थिति सुरक्षित एवं स्वस्थ बताई गई है। इस घटना में आपातकालीन सेवा के दौरान एंबुलेंस चालक की तत्परता और गांव की महिलाओं के सहयोग से प्रसव हुआ। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और आपातकालीन परिस्थितियों में 102 एंबुलेंस सेवा की उपयोगिता को एक बार फिर सामने ला दिया है।

# धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

- शरद पूर्णिमा पर महावीर चौक में हुआ जसगीत का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शरद पूर्णिमा पर युवा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा महावीर चौक में जसगीत रामधुनी एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी द्वारा जसगीत का आकर्षक धार्मिक झांकियों एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। रामधनी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मां दुर्गा एवं विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते नजर आए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व हमें भक्ति, श्रद्धा, सकारात्मकता और आपसी प्रेम का संदेश देता है। ऐसे



धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं।

विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। युवाओं द्वारा अपनी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन करना प्रशंसनीय है। ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

सभापति पार्षद छबिलाल निर्मलकर ने कहा कि रामधुनी एवं भजन-कीर्तन जैसे आयोजन क्षेत्र में धार्मिक वातावरण निर्मित करते हैं। इससे लोगों में आध्यात्मिक चेतना के साथ आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है।

इस अवसर पर बस्ती पंचायत अध्यक्ष दिनेश साहू, ग्राम पटेल रामसेवक कंवर, अजय जैन, आशीष गौर, एल्डरमेन दीनू निर्मलकर, गिरधर कंवर, कुबेर निर्मलकर, अभिषेक साहू, प्रदीप साहू, सोमेश निर्मलकर, चोवा निषाद, नारायण पटेल, कुलेश्वर निषाद समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# चन्दूलाल पुनः बने छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक

- सर्वसम्मति से हुआ चयन, पदाधिकारियों ने जताया विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की जिला इकाई धमतरी के जिला संयोजक पद पर चन्दूलाल चन्द्राकर को पुनः सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। 24 अक्टूबर को गंगरेल स्थित सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आयोजित बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं ब्लॉक संयोजकों ने उनके नाम पर सहमति जताई।

प्रांतीय महासचिव चंद्रशेखर तिवारी ने नाम प्रस्तावित करने के लिए पदाधिकारियों से आग्रह किया। इस दौरान गोपाल शर्मा ने जिला संयोजक पद के लिए चन्दूलाल चन्द्राकर का नाम प्रस्तावित किया, जिसका दयालुराम साहू ने अनुमोदन किया। प्रस्ताव के बाद बैठक में





उपस्थित फेडरेशन के पदाधिकारियों, जिले में पदस्थ विभिन्न संघों के प्रांताध्यक्षों, फेडरेशन से संबद्ध संघों के जिलाध्यक्षों तथा ब्लॉक संयोजकों ने उनके नाम का समर्थन किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने चन्दूलाल चन्द्राकर के पूर्व कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सभी कर्मचारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर फेडरेशन के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी को साथ लेकर चलने, आपसी तालमेल बनाए रखने और संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करने की उनकी कार्यशैली को भी सराहा गया। मौके पर प्रांत से चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पांडेय, संतोष वर्मा, मनोज साहू , आलोक मिश्रा के अलावा मुकेश पाण्डेय, राजेंद्र चंद्राकर, खुमान सिंह ठाकुर, अमित महोबे, एनआर टण्डन, राजकुमार सिन्हा, महेन्द्र कुमार साहू, ममता खालसा, सुनीति साहू, एपी साहू, एनके साहू, संतोष दीवान, वरुण कुमार, जयंत साहू, यशवंत सिन्हा, कृष्णाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एमआईसी सदस्य युगलकिशोर ने संभाला कार्यभार

**धमतरी।** नगर पालिक निगम में विभागीय कार्यों के सुचारु संचालन एवं जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने की दिशा में युगल किशोर यादव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का कार्यभार लिया। इसके साथ ही उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में आवास एवं पर्यावरण तथा लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने श्री यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने आशा जताई कि श्री यादव अपने अनुभव, कार्यकुशलता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से विभागीय कार्यों



को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

# राजमानस संघ छग का वार्षिक उत्सव 31 को सिहावा में

**धमतरी।** श्री राजमानस संघ छग धमतरी का वार्षिक उत्सव मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में 31 अक्टूबर शनिवार को होगा। पौधरोपण का कार्य भी किया जाएगा। संघ द्वारा रक्तदान महादान की थीम पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी का राजमानस संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, सुरेश देवांगन, प्रवक्ता डॉ भूषण चंद्राकर, सचिव डॉ. जेएल देवांगन, सहसचिव एनआर यादव, मानस शक्ति केंद्र धमतरी के अध्यक्ष गंगाप्रसाद सिन्हा ने जायजा लिया।




# ट्रक यूनियन प्रांगण चटौद में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दी एसोसिएशन ऑफ ट्रक ऑनर्स धमतरी के पदाधिकारियों ने चटौद प्रांगण में शीशम, बेर, जामुन, काजू, बादाम, आंवला, आम, नींबू, अमरूद समेत अन्य फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। मौके पर अरविंदर सिंह मुंडी, जगजीवन सिंह सिद्धू, हरीश गांधी, नरेंद्र खंडेलवाल, मनोज ठाकुर, जाहिद अहमद, अमित अग्रवाल, कमलकिशोर अग्रवाल, अभिषेक सिंह ठाकुर, जनार्दन सोनी, ओमप्रकाश साहू, राजेंद्रप्रसाद गुप्ता, कुलदीप सिंह, समनप्रीत, भावेश साहू, पीयूष गांधी, नागेश दीवान समेत अन्य मौजूद थे।



### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश 30 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के बाद मेरिट सूची अनुसार काउंसिलिंग ली गई, जिसमें चतुर्थ काउंसिलिंग के बाद विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय आबंटित किया गया। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने जिले से चयनित विद्यार्थियों को आबंटित विद्यालयों में 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना कहा है। निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश निरस्त माना जाएगा।

## अंचल की खबरें

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने नागेश



**धमतरी।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के धमतरी जिलाध्यक्ष पद पर नागेश वर्मा का चयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की उपस्थिति में यह चयन प्रक्रिया हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती रमशीला साहू की सेवानिवृत्ति के बाद नागेश वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल, आईटी सेल प्रभारी संतलाल साहू एवं प्रदेश महामंत्री आरके अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। नई कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष गजरतन साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुष्पा साहू, उपाध्यक्ष खेमिन साहू, जिला सचिव चंद्रशेखर साहू, सहसचिव तरुण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, प्रवक्ता पंकज साहू, महामंत्री वीरेंद्र साहू एवं आईटी सेल प्रभारी मुकेश पटेल बनाए गए। संरक्षक की जिम्मेदारी रमशीला साहू एवं जी. संभाकर को सौंपी गई।

### छात्रों ने आकर्षक मॉडल से दिखाई वैज्ञानिक सोच और नवाचार



**धमतरी।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य देवनाथ साहू के निर्देशन तथा सीमा देवांगन, दीप्ति सोनी, जीवन लाल साहू, ज्योति साहू एवं प्रीति बाला नेताम के मार्गदर्शन में हुआ। प्रदर्शनी में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण संरक्षण, न्यूटन के गति के नियम, विद्युत के सुचालक एवं कुचालक तथा डाइनेमो सहित विज्ञान एवं गणित के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। उन्होंने मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाकर अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं नवाचार का परिचय दिया।

### फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग ने शुरू किया घाट स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** मूर्ति विसर्जन के बाद घाट की स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग द्वारा स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत घाट की साफ-सफाई लगातार की जा रही है। इसमें फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के संचालक एवं पूर्व सैनिक एलके साहू, रुद्र सेवा समिति के पदाधिकारी और प्रशिक्षणार्थी मिलकर योगदान दे रहे हैं। सभी ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए घाट को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

### जसगीत झांकी स्पर्धा में मुजगहन की मंडली अव्वल



**धमतरी।** जस गीत झांकी स्पर्धा में मुजगहन की मंडली अव्वल रही। गौरतलब है कि नव जागृति दुर्गोत्सव समिति द्वारा जस गीत झांकी स्पर्धा का आयोजन किया गया। विवेकानंद वार्ड में आयोजित स्पर्धा को देखने लोगों की भारी भीड़ जुटी। मंडलियों द्वारा अलग-अलग कथा प्रसंग, मनमोहक झांकी की प्रस्तुति दी गई। स्पर्धा का समापन पूर्व पार्षद सुशीला तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता समाज सेविका पदमनी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि केवल साहू एवं समाज सेविका भारती भारद्वाज थे। स्पर्धा में जय मां गायत्री जस झांकी मंडली गायत्रीपारा मुजगहन प्रथम, जय भद्रकाली जस झांकी मंडली रत्नाबांधा द्वितीय एवं जय मां भारती जस झांकी मंडली कोसागोंदी तृतीय रही। इस अवसर पर पंडित राजकुमार तिवारी, जमुनाप्रसाद चक्रधरी, गोपाल बनवासी, धनराज गुप्ता, राज सोनवानी, खेमलाल, गोलू चक्रधारी सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी से सार्वजनिक माफी मांगे खड़गे : अनीता

**धमतरी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस बयान को दुर्भाग्यजनक और निंदनीय बताया। श्रीमती यादव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपनी भाषा और व्यवहार की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना सार्वजनिक जीवन की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत और पारिवारिक विषयों पर टिप्पणी करते समय संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। श्रीमती यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की।



### 27 को बंद एवं 3 और 10 नवंबर को सेलून दुकानें खुलेंगी

**धमतरी।** सर्व सेन जिला धमतरी के निर्णय अनुसार 27 अक्टूबर मंगलवार को सभी सेलून दुकानें एवं गंवई कार्य बंद रहेंगे। इसके बाद दीपावली त्योहार के मद्देनजर 3 और 10 नवम्बर मंगलवार को सेलून दुकानें खुली रहेंगी। त्योहार के बाद 17 नवम्बर से सभी सेलून दुकानें एवं गंवई कार्य पूर्व की भांति प्रत्येक मंगलवार को बंद रहेंगे। यह जानकारी सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष धनसिंह सेन एवं सचिव भगवानीराम शांडिल्य ने दी।

### आज जिला स्तरीय रोजगार मेला

**धमतरी।** बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कम्पोजिट भवन धमतरी में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 630 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी के डॉ. शशिकला अतुलकर बताया कि मेले में ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एंड कंसल्टेंट, आमधानी प्राइवेट लिमिटेड, हुमिल्टी फाइनेंशियल सॉल्यूशन, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी तथा स्वतंत्र माइक्रो फाइन प्राइवेट लिमिटेड सहित पांच निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी।

### जहर सेवन के 9 दिन बाद युवक की मौत

**धमतरी।** जहर सेवन करने पर अस्पताल से उपचार कराकर घर पहुंचने के बाद युवक की तबीयत अचानक बिगड़ जाने से उसकी मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार लीलेश साहू पिता बैशाखू उम्र 26 वर्ष सोरिद निवासी मजदूरी करता था। बीते 16 अक्टूबर को युवक ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। शाम को युवक घर में उल्टी कर रहा था। पूछने पर युवक ने परिजनों को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। उसके बाद परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद युवक को घर लाया गया था। रविवार की रात्रि युवक को सांस लेने में तकलीफ व पेट में दर्द हो रहा था। परिजनों ने तत्काल युवक को उपचार के लिए दोबारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की सोमवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# दीपावली पर नहीं होगी बिजली की परेशानी, 30 अक्टूबर तक पूरा होगा मेंटेनेंस कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**धमतरी संभाग के 134 फीडरों में से 90 से 95 का रखरखाव पूर्ण, शेष पर काम जारी**

दीपावली पर घरों और बाजारों को रोशन रखने विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। त्योहारी सीजन में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए फीडरों और विद्युत लाइन का रखरखाव किया जा रहा है।

विभाग ने 30 अक्टूबर तक मेंटेनेंस पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वहीं। पर्व के दौरान शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए इस बार 10 सेंटर बनाए जाएंगे।

विद्युत विभाग के धमतरी संभाग में कुल 134 फीडर हैं। इनमें से अब तक 90 से 95 फीडरों का मेंटेनेंस किया जा चुका है।

शेष फीडरों की मरम्मत 30 अक्टूबर तक पूरी करने की तैयारी है। रखरखाव के दौरान संबंधित क्षेत्र में कुछ घंटों के लिए बिजली बंद रखी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को असुविधा हो रही है, लेकिन दीपावली के दौरान बेहतर विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्य जरूरी है।

विद्युत विभाग के ईई अनिल सोनी ने बताया कि निर्धारित समय तक मेंटेनेंस पूरा कर दीपावली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### मैसेज और मोर बिजली एप से सूचना

मेंटेनेंस के दौरान बिजली बंद रहने की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहले पहुंचाई जा रही है। पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर टेस्ट मैसेज भेजे जा रहे हैं। मोर बिजली एप के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है, ताकि वे पहले से जरूरी कार्यों की योजना बना सकें।




#### शिकायतों के लिए बनेंगे 10 सेंटर

पिछले वर्ष दीपावली पर आठ सेंटर बनाए गए थे, जबकि इस बार इनकी संख्या बढ़ाकर 10 की जाएगी। यहां तैनात कर्मचारी बिजली संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करेंगे।

## 87 हजार की चांदी, 3 मोबाइल और एक्टिवा स्कूटी जब्त

# ज्वेलरी रिपेयरिंग दुकान में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में ज्वेलरी रिपेयरिंग दुकान का शटर तोड़कर सोने-चांदी के टुकड़े और नकदी चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 87 हजार रुपए कीमत के चांदी के तीन गलाए हुए टुकड़े, तीन मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटी जब्त की है। चोरी किए गए सोने के टुकड़े की बिक्री में संलिप्त अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार इतवारी बाजार क्षेत्र में स्थित राजेन्द्र सोनी की ज्वेलरी रिपेयरिंग दुकान में बीते 11 अक्टूबर की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर करीब 9 ग्राम गलाया हुआ सोना, 500 ग्राम चांदी और 6,500 रुपए नकदी की चोरी की थी। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत करीब 93,500 रुपए बताई गई। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

#### चांदी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे आरोपी

पुलिस को सूचना मिली कि आमातालाब स्थित यादव भवन के पास दो युवक चोरी की चांदी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में जयेश शर्मा ने दुकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक चोरी किए गए सोने के टुकड़े को हफीज खान और शेख इस्लाम उर्फ छोटू को बेचने के लिए दिया गया था, जबकि चोरी की नकदी खर्च कर दी गई थी।



#### सदरबाजार और बठेनापारा के आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में जयेश शर्मा पिता घनश्याम उम्र 25 वर्ष सदर बाजार धमतरी निवासी और ढानेश्वर बनबेर पिता दिनेश उम्र 25 वर्ष बठेनापारा जेल रोड धमतरी निवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 87 हजार रुपए कीमत के चांदी के तीन गलाए हुए टुकड़े, तीन मोबाइल फोन और सीजी-04-पीई-0115 नंबर की एक्टिवा स्कूटी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। चोरी के सोने के टुकड़े की बिक्री से जुड़े हफीज खान और शेख इस्लाम उर्फ छोटू की तलाश जारी है।

# सट्टे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 3,170 रुपए नकद और 2 मोबाइल जब्त

जिले में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अर्जुनी थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 3,170 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और अंकों से लिखी सट्टा-पट्टी जब्त की है।

एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में जिले में अवैध जुआ-सट्टा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिलने पर अर्जुनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने पहली कार्रवाई में रामचंद्र नेताम पिता समारु राम उम्र 56 वर्ष निवासी अर्जुनी को खपरी मोड़ के आगे रामचंद्र पान ठेला के पास से पकड़ा। उसके पास से 600 रुपये नकद और सट्टा-पट्टी जब्त की गई।

दूसरे मामले में पोखन यादव पिता परशुराम उम्र 38 वर्ष निवासी शीतलापारा अर्जुनी को अर्जुनी मोड़ के आगे रतन सेलून के सामने से पकड़ा गया। उसके कब्जे से 600 रुपये नकद और सट्टा-पट्टी बरामद हुई।

तीसरी कार्रवाई में देवेन्द्र साहू पिता जागेश्वर उम्र 22 वर्ष निवासी सेहराडबरी को निखिल डेली नीड्स के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से 1,020 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और सट्टा-पट्टी जब्त की। चौथे मामले में अशोक साहू कार्तिक राम उम्र 50 वर्ष निवासी संबलपुर को सेहराडबरी स्थित निखिल डेली नीड्स के पास से पकड़ा गया। उसके कब्जे से 950 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और सट्टा-पट्टी बरामद की गई।

पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6(क) के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है।

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आस्था और भक्ति के साथ शहर में शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही विंध्यवासिनी मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और भजन-कीर्तन के आयोजन हुए। घरों में भी चंद्रमा की रोशनी में खीर रखकर सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की गई।

शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। विंध्यवासिनी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, किले के हनुमान मंदिर, सिद्धि विनायक मंदिर, रिसाईपारा के नागेश्वर मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर और दानीटोला के शीतला मंदिर सहित अन्य देवालयों में भक्तों की आवाजाही बनी रही। धार्मिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इसी विश्वास के चलते लोगों ने खुले आसमान के नीचे खीर रखी, जिसे अगले दिन प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

श्री खाटू श्याम मंदिर में रात आठ बजे भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। बाबा श्याम का गुलाब के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। आयोजक रतनलाल, श्याम सुंदर अग्रवाल परिवार के आयोजन में भजन प्रवाहक पवन मित्तल, आकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सुनील मित्तल, कन्हैया ग्वाल, राकेश जैन, अमन जैन और बंटी वाधवानी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। बांकेबिहारी मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम हुए। वहीं हटकेशर स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में नागेश्वर मानस समिति ने रामायण पाठ किया। समापन पर आरती और खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

# खड़गे के बयान के विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन





- कांग्रेस के खिलाफ की नारेबाजी, सार्वजनिक माफी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने गांधी चौक में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विरोध नीतियों और कार्यों तक सीमित रहना चाहिए। व्यक्तिगत एवं पारिवारिक टिप्पणियां राजनीतिक मर्यादा के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में नेताओं को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम बनाए रखना चाहिए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा ने भी कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजनीतिक संवाद में शालीनता और गरिमा बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शशि पवार, महापौर रामू रोहरा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए राजनीतिक विरोध के दौरान शालीनता और मर्यादा का पालन आवश्यक है।

इस दौरान कविन्द्र जैन, राजीव सिन्हा, पवन गजपान, राजीव चंद्राकर, कोमल सार्वा, अनीता अग्रवाल, आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, अनीता यादव, पूजा कुंजाम, विजय मोटवानी, शुभम जयसवाल, सत्यम चंद्राकर, राहुल चोपड़ा, अविनाश दुबे, ओमेश यादव, जितेश सिन्हा, युवराज मरकाम, रितिका यादव, बीथिका बिस्वास, सुशीला तिवारी, दिलीप पटेल समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 10 गायें मुक्त, ट्रक सहित दो आरोपी गिरफ्तार





**कुरुद।** कुरुद थाना क्षेत्र स्थित मरौद टोल प्लाजा के पास पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए 10 गायों को बरामद किया है। इस दौरान मौके से दो अंतरजिला आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आशंका जताई जा रही है कि मवेशियों को कत्लखाने ले जाया जा रहा था।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मरौद टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध छह चक्का अशोक लीलैंड ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 10 गायों को अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया और ट्रक में सवार प्रदीप कुमार कश्यप (38 वर्ष बिलासपुर) व मि थ ले श पटेल ( 22 वर्ष कोरबा) को पकड़ लिया। पुलिस ने लगभग 20 लाख मूल्य का मशरूका (10 गायें एवं ट्रक) जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मर्यादा की सारी सीमाएं तोड़ी : रंजना



**धमतरी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्व. पिता पर की गई अभद्र टिप्पणी मोदी का बाप भी जाएगा पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वैचारिक रूप से कंगाल होकर माफिया गैंग की भाषा बोल रही है। रंजना साहू ने कहा जिस तरह खड़गे जी ने देश के प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता का अपमान किया है, वह कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दिखाता है। यह सिर्फ मोदी जी के पिता का नहीं, बल्कि देश के हर गरीब पिता का अपमान है जिसने मेहनत-मजदूरी करके अपने बेटे को बड़ा बनाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को तुरंत देश की जनता और प्रधानमंत्री से माफी मांगनी चाहिए।

# मोबाइल देखने को लेकर खूनी विवाद

**नगरी।** जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव से एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मोबाइल देखने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुआ मामूली विवाद इतना गहरा गया कि बड़े भाई ने तैश में आकर अपने ही छोटे भाई पर लकड़ी के डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार घटना खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव की है। बीते रविवार को छोटा भाई कुंदन मोबाइल फोन देख रहा था। इसी दौरान बड़े भाई ने उसे लगातार मोबाइल देखने को लेकर टोका। बात रोकने और टोकने को लेकर दोनों भाइयों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। गुस्से से तमतमाए बड़े भाई कैलाश सोरी ने आपा खो दिया और घर में रखे लकड़ी के भारी डंडे से छोटे भाई कुंदन सोरी पर हमला कर दिया। सिर व शरीर के संवेदनशील हिस्सों में डंडे से हुए जानलेवा वार के कारण कुंदन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। अत्यधिक रक्तस्राव एवं गंभीर चोट के चलते उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस अचानक हुई वारदात के बाद घर और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही खल्लारी पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया। पुलिस आरोपी बड़े भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे प्रधानमंत्री से माफी मांगे : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई मोदी का बाप भी जाएगा टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पंचायत की सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले वरिष्ठ नेताओं को अपनी भाषा और व्यवहार की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। लगभग 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे बयान सार्वजनिक जीवन की गरिमा और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद की मर्यादा के विपरीत हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।







